राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक: 02] पन्द्रहवीं विधान सभा के द्वितीय सत्र का पहला दिवस [संख्या: 01

गुरुवार,

27 जून 2019

(राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे
राजस्थान विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई)

(श्री सी.पी. जोशी, अध्यक्ष, पदासीन)

राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।
सुजलाम् सुफलाम् मलयज शीतलाम्।
शस्य श्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।
शुभ्र ज्योत्स्नां पुलकित यामिनीम्।
फुल्ल कुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्।
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम् ।
सुखदाम् वरदाम् मातरम्।
वन्दे मातरम् । वन्दे मातरम् ।

बधाई एवं आभार

श्री ओम बिरला के लोक सभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचन पर बधाई

श्री अध्यक्ष: राजस्थान विधान सभा के तीन बार सदस्य रहे श्री ओम बिरला के लोक सभा अध्यक्ष के गरिमामय पद पर आसीन होने पर यह सदन गौरव एवं प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है।

श्री बिरला का राजस्थान विधान सभा एवं लोक सभा का दो दशकों से अधिक का संसदीय अनुभव रहा है। श्री बिरला की कड़ी मेहनत, उत्साह और अलग हटकर सोचने के अंदाज के चलते आप लोक सभा के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। आपके कुशल नेतृत्व तथा प्रभावशाली व्यक्तित्व से लोक सभा में कार्यवाही का संचालन सुगमता से होगा।

(श्री अध्यक्ष)

श्री बिरला के लोक सभा अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर मैं अपनी ओर से तथा इस सदन के सभी सदस्यों की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं।

सदस्य का त्याग पत्र

श्री हनुमान बैनिवाल व श्री नरेन्द्र कुमार का विधान सभा की सदस्यता से त्याग पत्र

मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा में निर्वाचन क्षेत्र खींवसर, जिला नागौर से निर्वाचित सदस्य श्री हनुमान बैनिवाल (विभाजन संख्या 192) तथा निर्वाचन क्षेत्र मण्डावा से निर्वाचित सदस्य श्री नरेन्द्र कुमार (विभाजन संख्या 76) ने लोक सभा का सदस्य निर्वाचित होने के कारण प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 173(2) के अन्तर्गत दिनांक 04 जून, 2019 को राजस्थान विधान सभा की सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है और इनका त्याग-पत्र स्वीकार कर लिया गया है।

सचिव।

सचिव, विधान सभा: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान विधान सभा के विगत सत्रों में पारित उन विधेयकों का विवरण सदन की मेज पर रखता हूं, जिन पर राष्ट्रपति/राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त हो चुकी है:

सदन पटल पर रखे गये पत्र

(क) राष्ट्रपति महोदय द्वारा अनुमति प्राप्त विधेयक

(1) राजस्थान अपार्टमेंट स्वामित्व विधेयक, 2015

(ख) राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमति प्राप्त विधेयक

(1) राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2019

(2) राजस्थान विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2019

(3) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2019

(4) राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2019

(5) राजस्थान सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2019

(सचिव)

(6) राजस्थान विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2019

(7) राजस्थान विनियोग (लेखानुदान) (संख्या-4) विधेयक, 2019

(8) डा. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक, 2019

(9) हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक, 2019

(10) राजस्थान पिछड़ा वर्ग (राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में सीटों और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों और पदों का आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2019

श्री अध्यक्ष: अध्यादेश। श्री बी.डी. कल्ला।

अध्यादेश

राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त (संशोधन) अध्यादेश, 2019

श्री बुलाकी दास कल्ला (ऊर्जा मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का अध्यादेश संख्यांक-2) सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष: श्री परसादी लाल।

राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) अध्यादेश, 2019

श्री परसादी लाल (उद्योग मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) अध्यादेश, 2019 (2019 का अध्यादेश संख्यांक-1) सदन की मेज पर रखता हूं।

शोकाभिव्यक्ति एवं श्रद्धांजलि

श्री अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, शोकाभिव्यक्ति के इस अवसर पर मैं गत दिनों दिवंगत हुए गोवा के पूर्व मुख्य मंत्री श्री मनोहर पर्रिकर, सांसद एवं पूर्व विधायक श्री मदनलाल सैनी, पूर्व सांसद श्री हरिओम सिंह राठौड़, इस विधान सभा के पूर्व सदस्य सर्वश्री मदनलाल मेघवाल, भंवरलाल बलाई, शिव

(श्री अध्यक्ष)

किशोर सनाढ्य, राजेश, तेजपाल यादव, नवलराय बच्चाणी एवं सुरेश चन्द्र शर्मा के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यह शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं।

मनोहर पर्रिकर, श्री, पूर्व मुख्य मंत्री, गोवा

गोवा के पूर्व मुख्य मंत्री श्री मनोहर पर्रिकर का जन्म 13 दिसम्बर, 1955 को गोवा के मापुसा में हुआ। आपने आई.आई.टी. बाम्बे से बी.टेक की उपाधि प्राप्त की।

श्री मनोहर पर्रिकर छह बार गोवा विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। कुशल प्रशासक रहे श्री पर्रिकर अक्टूबर, 2000 से फरवरी, 2005; मार्च, 2012 से नवम्बर, 2014 तथा मार्च, 2017 से मार्च, 2019 तक गोवा के मुख्य मंत्री रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप कई समितियों के सदस्य तथा सभापति रहे। आप गोवा विधान सभा में नेता, प्रतिपक्ष भी रहे। श्री पर्रिकर नवम्बर, 2014 में राज्य सभा के सांसद निर्वाचित हुए। आप नवम्बर, 2014 से मार्च, 2017 तक केन्द्र सरकार में रक्षा मंत्री भी रहे।

आईआईटीयन श्री पर्रिकर तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी कई संस्थाओं से सम्बद्ध रहे। सरल व्यक्तित्व के धनी श्री पर्रिकर अपने सादगीपूर्ण जीवन के लिये माने जाते थे।

श्री मनोहर पर्रिकर का दिनांक 17 मार्च, 2019 को निधन हो गया।

मदनलाल सैनी, श्री, सांसद, राज्य सभा

सांसद एवं पूर्व विधायक श्री मदनलाल सैनी का जन्म 13 जुलाई, 1943 को सीकर जिले के राधाकिशनपुरा ग्राम में हुआ। आपने बी.ए. एवं एलएल.बी. की उपाधियां प्राप्त कीं।

श्री मदनलाल सैनी नौवीं राजस्थान विधान सभा में गुढ़ा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप विशेषाधिकार समिति, राजकीय उपक्रम समिति एवं संसदीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे। आप प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सभापति भी रहे। श्री सैनी, जून 2018 में राजस्थान से राज्य सभा के सांसद निर्वाचित हुए। राज्य सभा में आप श्रम सम्बन्धी समिति के सदस्य रहे।

श्रमिकों के उत्थान के लिए समर्पित रहे श्री सैनी भारतीय मजदूर संघ, राजस्थान के प्रदेश महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रीय कार्य समिति के

(श्री अध्यक्ष)

सदस्य, अखिल भारतीय कृषि मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे। सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी श्री सैनी वर्ष 1952 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ गये। आप भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश मंत्री, जिला अध्यक्ष एवं विभिन्न समितियों के सदस्य सहित अनेक पदों पर रहे। आप वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। छात्र हितों के पोषक श्री सैनी श्री कल्याण कालेज छात्र संघ के सभापति तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री एवं शेखावाटी अंचल विभागीय संगठन मंत्री रहे। आप राजस्थान प्रदेश लोक संघर्ष समिति के सदस्य भी रहे।

श्री मदनलाल सैनी का दिनांक 24 जून, 2019 को निधन हो गया।

हरिओम सिंह राठौड़, श्री, पूर्व सांसद, लोक सभा

पूर्व सांसद श्री हरिओम सिंह राठौड़ का जन्म 9 अगस्त, 1957 को राजसमन्द जिले के केलवा ग्राम में हुआ। आपने उदयपुर के भूपाल नोबल कालेज से बी.काम. की उपाधि प्राप्त की।

श्री हरिओम सिंह राठौड़ सोलहवीं लोक सभा में राजसमन्द निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहे। लोक सभा के कार्यकाल के दौरान आप श्रम सम्बन्धी स्थायी समिति तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य रहे। श्री राठौड़ अपने सार्वजनिक जीवन में वर्ष 1995 से 2000 तक जिला प्रमुख भी रहे।

श्री हरिओम सिंह राठौड़ का दिनांक 27 मई, 2019 को निधन हो गया।

मदनलाल मेघवाल, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री मदनलाल मेघवाल का जन्म 01 जनवरी, 1952 को नागौर जिले के पिण्डिया ग्राम में हुआ। आपने राजस्थान विश्वविद्यालय से बी.ए. की उपाधि प्राप्त की।

श्री मदनलाल मेघवाल बारहवीं राजस्थान विधान सभा में जायल निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप नियम समिति एवं प्राक्कलन समिति 'क' के सदस्य रहे।

समाज सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यों में रुचि रखने वाले मेघवाल अपने क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहे।

(श्री अध्यक्ष)

श्री मदनलाल मेघवाल का दिनांक 19 फरवरी, 2019 को निधन हो गया।

भंवरलाल बलाई, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री भंवरलाल बलाई का जन्म 1 मई, 1950 को नागौर जिले के लीचाणा ग्राम में हुआ। आपने बी.काम तथा एलएल.बी. की उपाधियां प्राप्त कीं।

श्री भंवरलाल बलाई ग्यारहवीं राजस्थान विधान सभा में सूरसागर निर्वाचन क्षेत्र से इण्डियन नेशनल कांग्रेस के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप पुस्तकालय समिति के सदस्य रहे।

कांग्रेस से संबद्ध रहे श्री बलाई ने जोधपुर जिले की कांग्रेस इकाई के अनेक पदों पर कार्य किया।

श्री भंवरलाल बलाई का दिनांक 17 मई, 2019 को निधन हो गया।

शिवकिशोर सनाढ्य, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री शिवकिशोर सनाढ्य का जन्म 24 मार्च, 1935 को उत्तर-प्रदेश के मथुरा में हुआ। आपने एम.ए. तथा बी.एड. की उपाधियां प्राप्त कीं।

श्री शिवकिशोर सनाढ्य नौवीं एवं दसवीं राजस्थान विधान सभा में उदयपुर निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप प्राक्कलन समिति 'क', प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा राजकीय उपक्रम समिति के सदस्य रहे।

कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहे श्री सनाढ्य राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ, लोक जुम्बिश, माध्यमिक शिक्षा मंडल तथा सुखाड़िया विश्वविद्यालय से संबद्ध रहे। अध्यापक रहे श्री सनाढ्य शिक्षक नेता के रूप में शिक्षकों के कल्याण के लिए कार्यरत रहे। आप राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ सहित अनेक शैक्षिक संघों से संबद्ध रहे। आप प्रदेश स्तरीय शैक्षिक संघ के संस्थापक सदस्य भी थे। सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी श्री सनाढ्य समाज के सभी वर्गों में शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार हेतु प्रयत्नशील रहे। आप उदयपुर यू.आई.टी. के चेयरमैन भी रहे। आपने 'विराट पथ' तथा पाक्षिक 'शिक्षक संदेश' का सम्पादन किया। श्री सनाढ्य ने 'शिक्षा यात्रा' पत्रिका का सम्पादन एवं प्रकाशन भी किया।

(श्री अध्यक्ष)

श्री शिवकिशोर सनाढ्य का दिनांक 18 मार्च, 2019 को निधन हो गया।

राजेश, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री राजेश का जन्म 9 जून, 1954 को हुआ। आपने राजस्थान कालेज, जयपुर से बी.ए. की उपाधि प्राप्त की।

श्री राजेश आठवीं राजस्थान विधान सभा में थानागाजी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप विशेषाधिकार समिति तथा नियम समिति के सदस्य रहे। आप संसदीय सचिव भी रहे।

श्री राजेश का दिनांक 1 मई, 2019 को निधन हो गया।

तेजपाल यादव, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री तेजपाल यादव का जन्म 27 मई, 1937 को मण्ढा-भिण्डा ग्राम में हुआ। आपने मिडल तक शिक्षा प्राप्त की।

श्री तेजपाल यादव सातवीं राजस्थान विधान सभा में चौमूं निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप प्राक्कलन समिति 'क', राजकीय उपक्रम समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति तथा कृषि, पशुपालन, एकीकृत ग्रामीण एवं विशिष्ट योजना विभाग की संसदीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे।

कृषकों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहने वाले श्री यादव केन्द्रीय सहकारी बैंक, जयपुर के अध्यक्ष भी रहे।

श्री तेजपाल यादव का दिनांक 19 जून, 2019 को निधन हो गया।

नवलराय बच्चाणी, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री नवलराय बच्चाणी का जन्म 25 जुलाई, 1927 को पाकिस्तान के सिंध प्रांत के माड़ी में हुआ। आपने माध्यमिक तक शिक्षा प्राप्त की।

श्री नवलराय बच्चाणी छठी राजस्थान विधान सभा में अजमेर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से जनता पार्टी के विधायक रहे। विधान सभा में आप अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे।

आप पानी, बिजली, शिक्षा तथा सफाई संबंधी समस्याओं के निराकरण

(श्री अध्यक्ष)

के लिए गठित सभाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री रहे। सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले श्री बच्चाणी ने समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अपना सक्रिय योगदान दिया। आप हिन्दी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता तथा गौ-हत्या निरोध के प्रबल समर्थक रहे। राजस्थान सिंधी अकादमी के अध्यक्ष रहे श्री बच्चाणी को उनके योगदान के लिए अकादमी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

श्री नवलराय बच्चाणी का दिनांक 24 मई, 2019 को निधन हो गया।

सुरेश चन्द्र शर्मा, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री सुरेश चन्द्र शर्मा का जन्म 15 अगस्त, 1940 को जयपुर में हुआ। आपने बी.काम तथा एलएल.बी. की उपाधियां प्राप्त कीं।

श्री सुरेश चन्द्र शर्मा पांचवीं राजस्थान विधान सभा में कोटपूतली निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रहे। विधान सभा में आप अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे।

श्री शर्मा अपने सार्वजनिक जीवन में नगरपालिका कोटपूतली के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष रहे। आप जयपुर के जिला प्रमुख भी रहे। अधिवक्ता रहे श्री शर्मा कोटपूतली अभिभाषक संघ के मंत्री रहे। आप कोटपूतली खेल परिषद् के मंत्री भी रहे।

श्री सुरेश चन्द्र शर्मा का दिनांक 28 दिसम्बर, 2018 को निधन हो गया।

मैं अपनी ओर से तथा इस सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से दिवंगतों के प्रति शोक प्रकट करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे तथा उनके शोक-संतप्त परिजनों को उनका बिछोह सहन करने की शक्ति दे।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादी हमले में शहीद हुए सी.आर.पी.एफ. के जवान

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में दिनांक 14 फरवरी, 2019 को सी.आर.पी.एफ. के काफिले पर हुए आतंकियों के आत्मघाती हमले में 40 से अधिक जवान शहीद हो गये। आतंकियों की इस कायरतापूर्ण कार्यवाही की यह सदन कड़ी निंदा करता है एवं जवानों की मृत्यु पर शोक प्रकट करता है।

(श्री अध्यक्ष)

बाड़मेर जिले के जसोल कस्बे में धार्मिक आयोजन के दौरान पंडाल गिरने से हुए हादसे के मृतक

बाड़मेर जिले के जसोल कस्बे में चल रहे धार्मिक आयोजन के दौरान दिनांक 23 जून, 2019 को आंधी एवं बारिश से पंडाल गिरने से हुई दुर्घटना में 15 व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा अनेक घायल हो गये। यह सदन इस हादसे के मृतकों के प्रति भी शोक प्रकट करता है।

पीड़ित परिवारों के प्रति सदन की गहरी संवेदना है।

माननीय सदस्यगण, कृपया दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करें।

(तदनंतर सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी)

सदन की बैठक शुक्रवार, दिनांक 28 जून 2019 के प्रात: 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनंतर सदन की बैठक 11.16 बजे, शुक्रवार, दिनांक 28 जून 2019 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)